UNNAO POLICE

प्रेस नोट 01- दिनांक 22.09.2024

थाना बिहार, जनपद उन्नाव

पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, लूट के 10,000 रुपये व एक तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 खोखा कारतूस बरामद

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिहार पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ मे दो शातिर लुटेरो को लूट के 10 हजार रुपये व एक तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 खोखा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 20.09.2024 को समय करीब 20.30 बजे थाना बिहार क्षेत्रांतर्गत ग्राम केसवला मजरा दुबई निवासी राजकुमार पुत्र रामनाथ लोधी द्वारा थाना बिहार पर सूचना दी गयी कि मेरी कस्बा पाटन में बीज की दुकान है। वहीं से बाइक से घर वापस जा रहा था, तभी रास्तें में ग्राम चाकपुर के पास दो बाइक पर सवार चार अज्ञात लोगों नें मेरा बैग छीन लिया, जिसमें बिक्री के 25,000/- रू0 थे। सूचना पर थाना बिहार पुलिस द्वारा तत्काल दो आरोपियों को मय घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ हिरासत में लिया गया, तथा घटना में शामिल दो अन्य अभियुक्त भागने में सफल रहे । पकड़े गये अभियुक्तो की पहचान 1. प्रदीप पुत्र मंगल लोधी उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम बेहटा कला थाना लालगंज जनपद रायबरेली 2. सूरज पुत्र कल्लू उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम दइता मजरा परसंदा थाना बिहार जनपद उन्नाव के रूप में हुई। घटना उपरोक्त के सन्दर्भ में थाना बिहार पर मु0अ0स0 222/24 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था तथा पुलिस द्वारा बरामदगी हेतु दोनो अभियुक्तों को ले जाया जा रहा था, जहां दोनों अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर हमला कर भागने का प्रयास किया। आत्मरक्षार्थ पुलिस मुठभेड़ के दौरान दोनों अभियुक्तों के पैर मे गोली लगी है, जिन्हे उपचार हेतु सीएचसी बीघापुर में भर्ती कराया गया है। अभियुक्तो की निशादेही पर लूट के 10,000/- रू0 व कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक खोखा कारतूस 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये हैं। लूट की घटना में शामिल मौके से फरार दो अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास सहित आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

01. प्रदीप पुत्र मंगल लोधी उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम बेहटा कला थाना लालगंज जनपद रायबरेली

02. सूरज पुत्र कल्लू उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम दइता मजरा परसंदा थाना बिहार जनपद उन्नाव

बरामदगी का विवरण

1. 10,000 रुपये कैश
2. एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक खोखा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

प्रभारी निरीक्षक श्री सुरेश चन्द्र मिश्र
उ0नि0 श्री वीरेन्द्र सिंह
उ0नि0 श्री कृष्णेन्द्र कुमार
उ0नि0 श्री राजकुमार यादव
उ0नि0 श्री नरेन्द्र सिंह
हे0का0 गुफरान बेग
का0 विपिन कुमार
का0 मनोज राजपूत